# प्रशासन के बुलडोजर के डर से अतिक्रमणकारी खुद हटा रहे अतिक्रमण

## 165 से अधिक अतिक्रमणकारी, नोटिस के बाद कुछ ने हटाए अपने अतिक्रमण, आज से फिर होगी कार्यवाही

नवभारत न्यूज

**रीवा, 9 अप्रैल, सिरमौर चौराहे से अस्पताल चौराहे को जोड़ने वाला अति महत्वपूर्ण अमहिया मार्ग का चौड़ीकरण किया जाना है. जिसको लेकर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही शुरू कर दी गई है. पूर्व में दिये गये नोटिस के बाद कई लोगो ने अपना अतिक्रमण खुद हटा लिया, जबकि कई दुकान सजाकर बैठे है. 165 से अधिक अतिक्रमण चिन्हित किया गया है. जिनके पास कोई जमीन के दस्तावेज नही है.**



पहले दिन अवैध दुकानो को नगर निगम और प्रशासन की संयुक्त कार्यवाही में गिरा दिया गया. अब शुक्रवार को कार्यवाही फिर शुरू की जाएगी. सड़क चौड़ीकरण को लेकर नापजोख की गई उसके बाद अतिक्रमणकारियों को नोटिस थमाया गया, साथ ही समय दिया गया. कुछ लोगो ने अपना अतिक्रमण खुद हटा लिया और कई लोग नेताओं के शरण में जा पहुंचे. सालो से दुकान बनाकर व्यापार करने का हवाला देकर गिराने के पहले दुकान दिये जाने की मांग की. हालाकि कोई सुनवाई नही हुई, प्रशासन अब दुकानो और मकानो को हटाने में जुट गया है. गिराने के पहले अल्टीमेटम दिया गया था और उसके बाद जब सामान नही हटाया गया तो कार्यवाही शुरू कर दी गई. अतिक्रमण हटने के बाद चौड़ीकरण होगा.

### बुलडोजर के ड़र से युवक ने पिया केमिकल

अमहिया सड़क चौड़ीकरण को लेकर नोटिस के बाद प्रशासन का बुलडोजर चल पड़ा है. कुछ व्यापारी खुद अपना अवैध कब्जा हटा रहे है जबकि कई विरोध कर रहे है. कार्यवाही से परेशान एक युवा व्यापारी गौरव गुप्ता ने अज्ञात केमिकल पीकर जान देने की कोशिश की. जिसे उपचार के लिये संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहा युवक का उपचार चल रहा है. परिजनो का कहना है कि प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे बुलडोजर और दी गई नोटिस से गौरव मानसिक दबाव में आ गया है और कई दिनो से परेशान है. जिस जमीन पर मकान बना है वह उसके पट्टे का है, लेकिन बिना मुआवजे के घर गिराने की तैयारी है और इसी से वह परेशान है. पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है तो वही युवक की हालत नाजुक बनी हुई है.

### आज फिर चलेगा अतिक्रमण पर बुलडोजर

अमहिया मार्ग में दोनो तरफ कई अवैध दुकाने और मकान बने हुए है जिन्हे तोड़ने के लिये चिन्हित किया गया. प्रशासन के अल्टीमेटम के बाद कुछ लोगो ने खुद अपना अतिक्रमण हटा लिया है. दरअसल अतिक्रमण के चलते मार्ग की चौड़ाई घट गई है और आवाजाही प्रभावित होती है. पहले सड़क की चौड़ाई यहा 15 मीटर थी, बाद में उसे घटाकर 12 मीटर कर दिया गया है. जिससे कई दुकाने और घर बच गये है. जिन लोगो ने अतिक्रमण नही हटाया है उन्हे फिर मौका दिया गया है और अब शुक्रवार को हटाने की कार्यवाही होगी.



# निर्माण बाधाओं को दूर कर किसानों के खेतों तक पानी पहुंचाए : शुक्ल

नवभारत न्यूज

**रीवा, 9 अप्रैल, उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने सर्किट हाउस रीवा में विभिन्न नहर परियोजनाओं के निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की.**

बैठक में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि नहर परियोजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही सभी तकनीकी एवं प्रशासनिक बाधाओं को तत्काल दूर किया जाए, जिससे किसानों के खेतों तक सिंचाई के लिए अविलंब पानी पहुँचाया जा सके. सिंचाई परियोजनाओं का उद्देश्य अंतिम छोर तक के किसानों को लाभान्वित करना है. निर्माण कार्य में अनावश्यक विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. अधिकारी समन्वय के साथ काम करें और सुनिश्चित करें कि परियोजनाएं निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरी हों. भू-अर्जन, वन विभाग की अनुमति या अन्य स्थानीय स्तर की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुलझाएं. कार्यों की गुणवत्ता और गति की नियमित निगरानी करें. आगामी सीजन को देखते हुए जल वितरण तंत्र को सुदृढ़ बनाएं. बैठक में बहुती नहर परियोजना, त्योंथर बहाव परियोजना, नईगढ़ी माइक्रो सिंचाई परियोजना सहित अन्य नहर परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई. उल्लेखनीय है कि लम्बे समय से तीनो परियोजनाओं का काम चल रहा है और अभी काम पूरा होने में समय लगेगा. उसके बाद ही किसानों को पानी मिल सकेगा. बैठक में अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय, जल संसाधन विभाग के अधिकारी एवं संबंधित परियोजनाओं के कार्यपालन यंत्री उपस्थित रहे.

# छात्राओं को अश्लील मैसेज भेजने वाले शिक्षक निष्कासित

नवभारत न्यूज

**रीवा, 9 अप्रैल, पीएम एक्सीलेंस शासकीय मॉडल साइंस कॉलेज रीवा में दो शिक्षकों द्वारा छात्राओं को अश्लील मैसेज किए जा रहे थे.**

परेशान होकर छात्राओं ने शिकायत की तो संबंधित शिक्षकों ने गलती स्वीकारी फिर भी कॉलेज प्रबंधन ने कोई कार्रवाई नहीं की. छात्राओ ने कॉलेज परिसर में जमकर हंगामा किया. इसके बाद कॉलेज प्रबंधन ने समिति बनाकर मामले की जांच कराई और आरोपी शिक्षकों का निष्कासन आदेश जारी किया. महाविद्यालय के भूगोल विभाग में जनभागीदारी मद से अंशकालीन शिक्षक अमित साहू पढ़ा रहे थे. इसी तरह कॉमर्स विभाग में उमेश प्रजापति द्वारा अध्यापन कार्य किया जा रहा था. आरोप है कि इन दोनों शिक्षकों ने अपनी कक्षाओं से संबंधित छात्राओं को वाट्सअप पर आपत्तिजनक संदेश भेजे. फोन पर मैसेज भेजने का सिलसिला पिछले एक महीने से चल रहा था, जिस पर छात्राओं ने आपत्ति जताई तो संबंधित शिक्षक छात्राओं पर दबाव बनाने लगे. इसके बाद छात्राओं ने कॉलेज प्रबंधन को लिखित शिकायत दी. शिकायत पर शिक्षकों ने गलती स्वीकार कर ली और फिर छात्राओं पर शिकायत वापस लेने का दबाव बनाने लगे. इतने पर भी कोई कार्रवाई न होने पर कॉलेज के छात्रों का गुस्सा फूट पड़ा. फिर छात्रों का आक्रोश थामने के लिए सिस्टम के लाचार प्रबंधन ने बमुश्किल निष्कासन कार्रवाई की. तब जाकर मामला शांत हुआ.

# रोजगार मेला जेएनसीटी कॉलेज रीवा में 15 को

नवभारत न्यूज

**रीवा, 9 अप्रैल, युवा संगम कार्यक्रम के तहत जेएनसीटी कॉलेज रतहरा रीवा में 15 अप्रैल को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक वृहद रोजगार मेला आयोजित किया जायेगा.**

रोजगार मेले में जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को विभिन्न कंपनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे. रोजगार मेले में 20 कंपनियों द्वारा युवाओं का चयन किया जाएगा. मेले में शामिल होने के लिए विभिन्न कंपनियों में युवक एवं युवतियों की आयु सीमा तथा शैक्षणिक योग्यता अलग-अलग निर्धारित की गई है.

वेतन एवं भत्ते सात हजार रुपए से 35 हजार रुपए तक निर्धारित किया गया है. वेतन एवं भत्ता विभिन्न कंपनियों में अलग-अलग देय होगा.

## संक्षिप्त

### उप मुख्यमंत्री ने जनता दर्शन कार्यक्रम में सुनीं समस्याएं

**रीवा,** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने अपने अमहिया स्थित निज निवास में जनता दर्शन कार्यक्रम में आमजनों की समस्याएं सुनीं. उप मुख्यमंत्री ने आमजनों को उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए आश्वस्त किया. उन्होंने आमजनों की समस्याओं से संबंधित आवेदन पत्रों के निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया.

### सामुदायिक पुलिसिंग की दी गई टिप्स



**रीवा,** मिशन कर्मयोगी के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र कुमार जैन के मार्गदर्शन में गुरुवार को पुलिस प्रशिक्षण शाला रीवा द्वारा एक महत्वपूर्ण राज्य स्तरीय वेबिनार का आयोजन किया गया. सामुदायिक पुलिसिंग: उद्देश्य, चुनौतियां एवं उपयोग' विषय पर केंद्रित इस वर्चुअल प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रदेश के सभी जिलों से पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की.वेबिनार में मुख्य वक्ता के रूप में निरीक्षक श्रीमती चित्रांगदा सिंह एवं पीएल बागरी ने पुलिस बल को सामुदायिक पुलिसिंग की बारीकियों से अवगत कराया. प्रशिक्षण के दौरान सामुदायिक पुलिसिंग के गौरवशाली इतिहास, इसकी अनिवार्य आवश्यकता, निर्धारित लक्ष्यों और इसके क्रियान्वयन में आने वाली चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की गई. आज के बदलते परिवेश में सामुदायिक पुलिसिंग केवल एक अवधारणा नहीं, बल्कि आधुनिक पुलिस व्यवस्था की आधारशिला बन चुकी है. इस प्रशिक्षण में विशेषज्ञों ने रेखांकित किया कि 'सामुदायिक पुलिसिंग का सबसे बड़ा लाभ यह है कि इससे पुलिस और जनता के बीच 'विश्वास की खाई' कम होती है. जब आम नागरिक स्वयं को पुलिस का सहभागी समझने लगता है, तो अपराध नियंत्रण और सूचनाओं का संकलन कहीं अधिक प्रभावी हो जाता है. वक्ताओं ने जोर दिया कि पुलिस को केवल एक दंडात्मक इकाई के रूप में नहीं, बल्कि समाज के एक सहायक अंग के रूप में कार्य करना चाहिए. कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों की शंकाओं का समाधान किया गया.

### संकल्प से समाधान अभियान का जिला स्तरीय शिविर आज

**रीवा,** संकल्प से समाधान अभियान के तहत जिला स्तरीय शिविर 10 अप्रैल को सुबह 11 बजे से नगर निगम रीवा के टाउनहाल में आयोजित किया गया है. शिविर का आयोजन शासन के सभी विभागों द्वारा संचालित योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ ग्राम पंचायतों, नगरीय निकायों, तहसील और जिला स्तर पर पात्र हितग्राहियों को समय सीमा में देने के लिए किया जा रहा है. कलेक्टर प्रतिभा पाल ने सभी विभाग प्रमुखों को शिविर में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं.

### पूर्व जनपद सदस्य देवेंद्र पटेल का निधन

**हनुमना,** हनुमना क्षेत्र के ग्राम लासा के रहने वाले भारत पटेल लोकनाथ पटेल के अनुज देवेंद्र पटेल उर्फ मुन्ना के आकस्मिक निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ पड़ी जो समाज से लेकर राजनीतिक क्षेत्र में अपनी एक अलग पहचान बनाने वाले स्पष्ट वादी मिलनसार पूर्व जनपद सदस्य एवं 4 बार सरपंच रह चुके देवेंद्र पटेल उर्फ मुन्ना जिनकी उम्र 56 वर्ष में 9 अप्रैल गुरुवार को निधन हो गया. उनके निधन का समाचार प्राप्त होने पर पारिवारिक सदस्यों रिश्तेदारों शुभचिंतकों में भारी संख्या में उनके निज निवास लासा पहुंचकर उनके पार्थिक शरीर पर शोक श्रद्धांजलि अर्पित किए. निधन पर शोक व्यक्त करने वालो में प्रदेश कांग्रेस सचिव तथा पूर्व विधायक सुखेंद्र सिंह बन्ना, विंध्य में जनसंघ के संस्थापक तथा लोकतंत्र सेनानी प्रख्यात नाड़ी विशेषज्ञ वरिष्ठ भाजपा नेता सरयूप्रसाद वैद्य, अवकाश प्राप्त प्राचार्य डॉ वेदवल्लभ शुक्ला, जनपद अध्यक्ष गोविंद नारायण तिवारी, मझिगवां सरपंच ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह,हाटा सरपंच महेंद्र प्रताप सिंह सिंह के अतिरिक्त अनेक राजनीतिक सामाजिक जगत से सरोकार रखने वालों ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए परमात्मा श्रीमन्नारायण से अपने दिव्य श्रीचरणों में चिर शांति प्रदान करने की प्रार्थना करते हुए परिजनों इष्ट मित्रों एवं शुभचिंतकों को धैर्य धारण करने की कामना की है.

# दो फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए ईनाम घोषित

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 9 अप्रैल, पुलिस अधीक्षक मऊगंज दिलीप कुमार सोनी ने दो फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए ईनाम की उद्घोषणा की है.**

पुलिस अधीक्षक ने फरार आरोपी दिनेश पटेल उर्फ गबरू पिता मनोहर पटेल उम्र 30 साल निवासी ग्राम देवरी शिवमंगल सिंह, थाना मऊगंज तथा गोलू उर्फ सत्येन्द्र शर्मा पिता सुदामा प्रसाद शर्मा उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम हिनौती थाना नईगढ़ी की गिरफ्तारी पर 10-10 हजार रुपए के ईनाम की घोषणा की है. इन आरोपियों की गिरफ्तारी कराने अथवा इस संबंध में सूचना देने वाले को नगद ईनाम की राशि से पुरस्कृत किया जाएगा. पुरस्कार वितरण में अंतिम निर्णय पुलिस अधीक्षक मऊगंज का होगा. ईनाम की घोषणा पुलिस रेग्युलेशन के पैरा क्रमांक 80 ए में निहित प्रावधान के तहत की गई है.

# कलेक्टर ने बेटियों से संवाद कर उनके सपनों को किया प्रोत्साहित

नवभारत न्यूज

**रीवा, 9 अप्रैल, कलेक्टर प्रतिभा पाल ने सीएम राइज पीके स्कूल का भ्रमण किया, जहाँ उन्होंने छात्राओं के साथ आत्मीय संवाद कर उनके शैक्षणिक भविष्य और व्यक्तिगत रुचियों की जानकारी ली.**



कलेक्टर ने छात्राओं से उनके पठन-पाठन और खेलकूद की गतिविधियों के संबंध में भी जानकारी ली. जब कलेक्टर ने छात्राओं से उनके भविष्य के लक्ष्यों के बारे में पूछा, तो क्लासरूम उत्साह से भर उठा. छात्राओं ने पूरी निडरता के साथ अपनी महत्वाकांक्षाएं साझा करते हुए बताया कि वे पढ़-लिखकर डॉक्टर, शिक्षक और पुलिस अधिकारी बनकर समाज की सेवा करना चाहती हैं. कलेक्टर ने छात्राओं के इन सपनों की सराहना करते हुए उन्हें निरंतर मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित किया.संवाद के दौरान कलेक्टर ने एचपीवी वैक्सीनेशन पर विशेष ध्यान केंद्रित किया. उन्होंने बताया कि 14 से 15 वर्ष की आयु की छात्राओं के लिए यह टीकाकरण अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि यह भविष्य में होने वाले घातक सर्वाइकल कैंसर को रोकने में एक सुरक्षा कवच की तरह काम करता है. कलेक्टर ने छात्राओं से आह्वान किया कि वे न केवल स्वयं टीका लगवाएं, बल्कि समाज में अन्य किशोरियों को भी इसके प्रति जागरूक करें, अफवाहों से न डरे.

# धरना देकर कांग्रेस ने मांगों से संबंधित ज्ञापन राज्यपाल के नाम सौंपा

नवभारत न्यूज

**रीवा, 9 अप्रैल, कांग्रेस द्वारा किसानों की समस्याओं को लेकर सिरमौर चौराहा में धरना प्रदर्शन कर राज्यपाल के नाम 8 सूत्रीय मांगो का ज्ञापन तहसीलदार को सौपा गया.**



जिलाध्यक्ष इंजी. राजेन्द्र शर्मा ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी की सरकार किसान विरोधी हैं, इनके कथनी करनी मे जमीन आसमान का अंतर हैं. किसानों के लिए किये गये वादों को पूरा करने मे यह सरकार पूर्णरूपेण विफल रही हैं. उन्होने आरोप लगाया की खेती के समय न तो किसानों को पर्याप्त बिजली मिलती ही और न ही खाद, एक बोरी खाद के लिए लाइन लगाना पड़ता है उसके बाद भी खाद तो नही मिलती लेकिन लाठी की मार पड़ती हैं. सेमरिया विधायक अभय मिश्रा ने कहा कि सरकार की जनविरोधियो नीतियों को केवल धरना प्रदर्शन के माध्यम से ही नही वरन् गांव की बस्तियों मे कांग्रेस जनों को घर-घर जाकर बताना होगा तभी हम भाजपा सरकार को प्रदेश से बेदखल करने मे कामयाब होगें. रीवा महापौर अजय मिश्रा बाबा ने कहा कि भाजपायी आकंठ भ्रष्टाचार मे डूबे हुए हैं. यहां की सम्पूर्ण व्यवस्था चरमाराई हुई हैं, इस व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए कांग्रेस जनों को कठिन संघर्ष के लिए तैयार रहना होगा. धरना प्रदर्शन के पश्चात राज्यपाल को सम्बोधित 08 सूत्रीय मांगों का एक ज्ञापन कलेक्टर के प्रतिनिधि के रूप में तहसीलदार हुजूर नगर जिला रीवा को सौंपा गया. कार्यक्रम का संचालन संगठन महासचिव एड. रवि तिवारी ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन शहर संगठन महासचिव सज्जन पटेल ने किया. इस अवसर पर शहर अध्यक्ष अशोक पटेल, कविता पाण्डेय, डॉ शीला त्यागी, डॉ. विनोद शर्मा, डॉ अरूणा तिवारी, एड. रवि तिवारी मौजूद रहे.

# निर्माणाधीन फार्म हाउस में मिला युवक का शव

नवभारत न्यूज

**रीवा, 9 अप्रैल, जिले के गढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम काकर में निर्माणाधीन फार्म हाउस के अंदर झोपड़ी के नीचे तखत में एक युवक का शव पाया गया.**

घटना के बाद मौके पर पहुंचे परिजनों ने पुलिस को सूचना दी जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची है और घटनास्थल का निरीक्षण कर सब को पीएम के लिए अस्पताल भिजवाया जा रहा है. पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट के बाद ही युवक के मृत्यु का कारण स्पष्ट हो पाएगा फिलहाल मामले को जांच में लिया गया है. घटना के संबंध में मृतक भारत साकेत उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम कांकर के चाचा राम लल्लू साकेत ने जानकारी देते हुए बताया कि उनका भतीजा गांव के ही राजू सिंह परिहार के निर्माणाधीन फार्म हाउस में रहता था. दोपहर उन्हें सूचना मिली कि भारत साकेत का शव फार्म हाउस के अंदर बनी झोपड़ी के नीचे तखत में पाया गया है. जिसके बाद परिजन मौके पर पहुंचे तो देखा कि भरत मृत पड़ा है.

# बिछिया नदी के उद्गम स्थल का कलेक्टर-एसपी ने किया निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 9 अप्रैल, कलेक्टर संजय कुमार जैन ने जनपद मऊगंज के ग्राम खैरा स्थित बिछिया नदी के उद्गम स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया.**



इस दौरान पुलिस अधीक्षक दिलीप कुमार सोनी भी उपस्थित रहे. निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने बिछिया नदी के पुनर्जीवन एवं जल संरक्षण के संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए. कलेक्टर ने उद्गम स्थल की वर्तमान स्थिति का जायजा लेते हुए कहा कि नदियों का संरक्षण एवं पुनर्जीवन शासन की प्राथमिकताओं में शामिल है. बिछिया नदी के प्राकृतिक स्वरूप को पुनर्स्थापित करने के लिए समन्वित प्रयास करें. इसके लिए व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण, जल संरचनाओं का निर्माण एवं मरम्मत तथा अवैध अतिक्रमणों को हटाने की कार्यवाही सुनिश्चित करें. नदी के उद्गम स्थल एवं प्रवाह क्षेत्र में जल संरक्षण के स्थायी उपाय करें, जिससे वर्षा जल का अधिकतम संचयन हो सके और नदी का जलस्तर बना रहे. साथ ही ग्रामीणों की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए जनजागरूकता अभियान चलाने पर भी जोर दिया गया.

कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि नदी पुनर्जीवन के लिए एक कार्ययोजना तैयार कर उसका समयबद्ध तरीके से क्रियान्वयन सुनिश्चित करें. इस अवसर पर संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे.

# श्रमिकों को निकाले जाने के खिलाफ अल्ट्राटेक बेला में चल रहा अनशन

नवभारत न्यूज

**रीवा, 9 अप्रैल, अल्ट्राटेक बेला सीमेंट प्लांट में श्रमिको का क्रमिक अनशन लगातार एक माह से जारी है. कम्पनी और प्रशासन कोई भी दखल नही दे रहा है. अब आंदोलन और तेज किया जायेगा.**

अल्ट्राटेक बेला सीमेंट, जेपी पुरम रीवा के कारखाने में विगत 2 मार्च 2026 से कारखाना प्रबंधक एवं ठेकेदार द्वारा बिना कारण एवं बिना नोटिस के कार्य से निकाले गए श्रमिकों को पुन: कार्य पर रखने की मांग को लेकर कंपनी गेट के सामने श्रमिक लगातार 38वें दिन धरने पर बैठे हैं. इसी क्रम में 9 अप्रैल को दोपहर 12:00 बजे से क्रमिक अनशन प्रारंभ किया गया. क्रमिक अनशन के प्रथम दिवस यूनियन के अध्यक्ष कामरेड अरुण तिवारी द्वारा लाल बहादुर पांडे एवं राजेश मिश्रा को तिलक लगाकर 24 घंटे के लिए अनशन पर बैठाया गया. अनशन स्थल पर आयोजित मजदूर सभा को संबोधित करते हुए यूनियन के महामंत्री रामसरोज कुशवाहा ने कहा कि प्रबंधन एवं ठेकेदार की हठधर्मिता के कारण समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है. उन्होंने कहा कि प्रशासन की उदासीनता के चलते लगभग 300 मजदूरों के घरों के चूल्हे बंद हो चुके हैं. मजदूरों ने संकल्प लिया है कि जब तक उनकी समस्याओं का समाधान नहीं होगा, तब तक आंदोलन निरंतर जारी रहेगा. उक्त अवसर पर लालमणि त्रिपाठी, इकाई अध्यक्ष सुशील सिंह, उपाध्यक्ष सूर्यभान साहू, नरेंद्र मिश्रा, पूरन तिवारी, मुनीम शर्मा, रतिराम पटेल मौजूद रहे.



अल्ट्राटेक बेला सीमेंट जेपी पुरम कारखाने में अनशन पर बैठे श्रमिक